हमारी पार्टी में कहीं कोई बगावत नहीं है : मदन राठौड़

जयपुर। प्रदेश की 7 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होने हैं। इनमें से भाजपा ने 6 सीटों पर अपनी प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। टिकट वितरण के साथ ही पार्टी में बगावत भी खुलकर सामने आई है। झुंझुनूं, रामगढ़ और सलूंबर, देवली उनियारा सहित अन्य विधानसभा सीटों पर टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए बगावती तेवर दिखाए। पार्टी में उठी बगावत को कंट्रोल करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ रणनीति से आगे बढ़ रहे हैं। एक दिन पहले सलूंबर से बागी तेवर दिखा रहे नरेंद्र मीणा से मुख्यमंत्री ने मुलाकात करके उनकी नाराजगी को दूर किया, तो अब झुंझुनूं और रामगढ़ सीट को लेकर भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कहीं कोई नाराजगी नहीं है, सभी एकजुट

■ **'सभी एकजुट हैं और संगठित होकर चुनाव लड़ेंगे'**

हैं और सातों सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। राठौड़ ने इसके साथ कांग्रेस के आरोपों पर भी पलटवार किया।

बागियों से मान-मनौव्वल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि हमारी पार्टी में कहीं कोई बगावत नहीं है। सभी एकजुट हैं और संगठित होकर चुनाव लड़ेंगे। सभी सातों सीटों पर भाजपा का कमल खिलेगा। राठौड़ ने कहा कि कई बार टिकट की उम्मीद होती है, लेकिन जब टिकट नहीं मिलता है तो थोड़ी बहुत निराशा और नाराजगी होती है, लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने की बात सामने आती है तो सब एकजुट हो जाते हैं, इसलिए "मैं सोच समझकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि हमारी पार्टी में कहीं पर भी किसी भी सीट पर कोई बगावत नहीं है। सभी सातों सीटों पर हम मजबूत हैं, एकजुट हैं और तय मान कर चलिए कि हम सभी सातों सीट जीतने जा रहे हैं।" मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के बयानों से उनकी कमजोरी साफ तरीके से झलक रही है। हमारी पार्टी ने 6 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए, सिर्फ एक सीट पर उम्मीदवार घोषित होना बाकी है, उसकी भी जल्द घोषणा जो जाएगी, लेकिन कांग्रेस तो अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा ही नहीं कर पा रही है। कांग्रेस में अंतरकलह इस कदर है कि उनके किसी भी एक सीट पर भी आपसी सहमति नहीं बन रही है। इसलिए कांग्रेस हम पर बयानबाजी करने की बजाय अपनी पार्टी को संभालें। कांग्रेस हमसे क्या सवाल कर रही है, हम तो हमारी सभी तैयारी पूरी करके बैठे हैं। भाजपा विधायक गोपाल शर्मा की ओर कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रहे काम वाले बयान पर मदन राठौड़ ने कहा कि सरकार सबका ध्यान रखकर काम करती है। कानून सम्मत व्यवहार करती है। किसी को अगर कहीं कुछ लगा है तो वह अपनी बात को समझाएं और बताएं, हम उस पर भी ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक हमारे विधायक गोपाल शर्मा की बात है तो वह गंभीर हैं, समझदार हैं, हो सकता है उनके कुछ कहने सुनने में कोई गलतफहमी हुई हो, लेकिन सबका सम्मान है। सत्ता और संगठन में कहीं पर भी कोई दिक्कत नहीं है, जहां तक ऐसा हुआ या हो सकता है तो यह सब काल्पनिक बात है। यह यदि वाला शब्द है, यह काल्पनिक सवाल है।

सरपंचों का कार्यकाल पूरा होने के बाद चुनाव कराने की मांग

जयपुर। राष्ट्रीय सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न प्रतिनिधियों ने पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर से उनके आवास पर भेंट कर अपनी मांगों को रखा। सरपंचों ने कहा कि आज तक की एफ एफ सी एवं एस एफ सी तथा मनरेगा की राशि पंचायत को हस्तांतरित की जाए। सरकार की वन स्टेट वन इलेक्शन पॉलिसी का सरपंच समर्थन करते हैं परंतु सरपंचों का कार्यकाल पूरा होने के बाद ही चुनाव कराए जाएं तथा जिनका कार्यकाल जनवरी माह में साफ हो रहा है उनका कार्यकाल 6 माह बढ़ाया जाए। कोटेशन की सीमा बढ़कर 10 लाख की जाए एवं कार्य को पोर्टल पर प्रदर्शित करने का आदेश निकल जाए। पंचायती राज मंत्री मदन रावत ने सरपंचों की मांगों को सुनने के बाद सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने और बकाया पैसे दीपावली से पूर्व स्थानांतरित करने तथा एफ एफ सी का पैसा भी पंचायत को दीपावली के तुरंत बाद हस्तांतरित करने का आश्वासन दिया।

दिपावली मेले का आयोजन 21 से 27 अक्टूबर तक

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) ग्रामीण विकास विभाग के तहत आयोजित दीपावली मेले का ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने निरीक्षण किया।

जयपुर। ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) ग्रामीण विकास विभाग के तहत आयोजित दीपावली मेले का उद्घाटन इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में फीता काटकर एवं गणपति जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। गुहा ने मेले में आयी महिला सदस्यों से स्टॉल्स पर प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी ली एवं हस्तनिर्मित समस्त उत्पादों को सराहा।

दीपावली मेले का आयोजन 21 से 27 अक्टूबर तक प्रातः 11 से रात्रि 9 बजे तक इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान परिसर, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस दीपावली मेले में विभिन्न जिलों की संस्कृति, परिधान, भाषा एवं पारंपरिक उत्पादों का बेजोड़ नमूना देखने को मिलता है। राजस्थान के ब्लू पोटरी, कोटा डोरिया, लोहे के सामान, रोज प्रोडक्ट्स, लाख की चूड़ियां, आचार, नमकीन, मंगोड़ी, पापड़, टेरा कोटा, जूट के उत्पाद, बाजरे के उत्पाद, सांगानेरी प्रिंट, कैर सांगरी, कसूरी मेथी, पेपर प्रोडक्ट्स, तीर कमान, सॉफ्ट टॉयज, राजस्थानी जूतियाँ मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र है। इसके साथ ही मेले में आने वाले आमजन फूड जोन में राजस्थानी व्यंजन का लुफ्त उठा सकेंगे।

इस दीपावली मेले में प्रदेश के समस्त जिलों से 65 स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य, अपने उत्पादों को प्रदर्शित एवं विक्रय का कार्य कर रही है। यह दीपावली मेला ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उनकी आय में वृद्धि के लिए एक प्रमुख पहल है, जिससे उनकी वित्तीय स्थिरता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा।

इस अवसर पर विभाग के सचिव आशुतोष ए टी पेडणेकर, परियोजना निदेशक अजय कुमार आर्य, सुनील दत्तात्रेय उपस्थित रहे।

निष्ठा से राज्य सेवाओं की प्रतिष्ठा बढाये : देवनानी

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राज्य लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का आव्हान किया है कि वे ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करके राज्य सेवाओं की प्रतिष्ठा बढ़ाये। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता और संतुष्टि का आधार भी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य निर्वहन ही है। देवनानी मंगलवार को यहां विधान सभा में राज्य लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। विधान सभा अध्यक्ष ने प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी का परिचय लिया। देवनानी ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य सेवा में चयन होने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा लोकतंत्र का पवित्र स्थल है। सदन में चर्चा होने के पश्चात ही यहां बजट पारित होता है। उन्होंने कहा कि विधान सभा नियमों, विनियमों और श्रेष्ठ परम्पराओं से चलती है। देवनानी ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है।

विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा, उप सचिव संजीव शर्मा और वितीय सलाहकार अपूर्व जोशी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को राजस्थान विधान सभा के कार्य संचालन एवं नियमों के बारे में जानकारी दी।

वेटरिनरी कॉलेज के अस्पताल को रेफरल के रूप में काम करना चाहिए : डॉ.समित शर्मा

जयपुर। "पशु चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता और भविष्य में सुधार की संभावनाएं" विषय पर मंगलवार को शासन सचिवालय के मुख्य सभागार में सेमिनार आयोजित हुआ। बतौर मुख्य अतिथि, पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि सभी वेटरिनरी कॉलेज को उत्कृष्टता का केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

डॉ.शर्मा ने कहा कि पशु चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में हम काफी काम कर रहे हैं परंतु अभी भी सुधार की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। हमें अपने पशु चिकित्सा शिक्षा के संस्थान देश में अव्वल स्थान पर लाने के लिए प्रयास करने होंगे। ग्रेडिंग के पहले 10 स्थानों में राजस्थान के पशु चिकित्सा शिक्षा संस्थान आएं इसके लिए आवश्यक है कि हमारे पास जो संसाधन उपलब्ध हैं हम उनका अधिक से अधिक और बेहतर उपयोग करें।

उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि सभी कॉलेज अपने विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक डिग्री देने के लिए समारोह आयोजित करें, विद्यार्थियों के सभी दस्तावेज डिजी लॉकर में रखें, सप्ताह के अंत में पढ़ाए गए विषयों का मूल्यांकन

शासन सचिवालय के मुख्य सभागार में आयोजित सेमीनार में पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा मौजूद रहे।

करें, पढ़ाए जाने वाले विषयों की जानकारी विद्यार्थियों को पूर्व में दें, कॉलेज में इनडोर ऑपरेशन करने का प्रयास करें।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि हमारा काम केवल पशु चिकित्सक तैयार करना नहीं है बल्कि उनके अंदर संवेदनशीलता विकसित करना भी हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षक होना भी बहुत आवश्यक है। उन्होंने सभी निजी और सरकारी कॉलेजों को 31 मार्च तक फैकल्टी पूरी करने को कहा। डॉ. शर्मा ने कहा कि जिस तरह से देश में पशुओं पर कई घातक बीमारियां अटैक करती रहती हैं उसके लिए जरूरी है कि डिजीज सर्विलांस सिस्टम को और हाईटेक बनाया जाए। मानव स्वास्थ्य पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण तीनों का समन्वय करते हुए वन हेल्थ मिशन चलाया जाए।

सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए राजूवास के उपकुलपति प्रोफेसर मनोज दीक्षित ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए क्षेत्र में काम कर रहे पशु चिकित्सा अधिकारियों और शिक्षा संस्थानों के बीच अच्छा तालमेल होना भी आवश्यक है। इस अवसर पर पशुपालन निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ नवाचारों को भी स्थान देना होगा। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर कुशलता के साथ अच्छा आउटपुट देंगे और विभाग को नई ऊचाईयों तक ले जाएंगे। सेमिनार में राजस्थान के सभी पशु चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं ने अपने अपने कॉलेज के कार्यक्रमों और भावी कार्ययोजना की प्रस्तुति दी। सेमिनार का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

भ्रष्टाचार से जुड़े केस में आरोप पत्र पेश

जयपुर। एसीबी मामलों की विशेष अदालत में एसीबी ने जेडीए जोन-9 में भ्रष्टाचार से जुडे मामले में आरोपी तहसीलदार लक्ष्मीकांत गुप्ता, पटवारी श्रीराम शर्मा, गिरदावर रविकांत शर्मा, जेईएन खेमराज, विमला, दलाल महेश चन्द्र मीणा सहित विमला के पति महेश के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया है। आरोप पत्र में एसीबी ने आरोपियों पर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में आरोप लगाए हैं। वहीं अदालत ने दलाल महेश चन्द्र मीणा की जमानत अर्जी को भी खारिज कर दिया है।

इंदिरा महिला शब्द हटाना भाजपा सरकार की संकीर्ण मानसिकता : जूली

जयपुर। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी 7 योजनाओं के नाम बदलने पर आपत्ति करते हुए राज्य की भाजपा सरकार की कड़ी निंदा की है। जूली ने कहा कि युग निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम से कांग्रेस शासन के समय से संचालित इन जनकल्याणकारी योजनाओं से इंदिरा महिला शब्द हटाना भाजपा की संकीर्ण मानसिकता का घोतक है।

जूली ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला शक्ति निधि योजना की घोषणा की थी। जिसे अब मौजूदा सरकार ने बदल दिया है। भजनलाल सरकार ने इंदिरा महिला शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना, इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना सहित इंदिरा महिला शक्ति सम्मान एवं प्रोत्साहन योजना, इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र योजना के भी नाम बदले हैं। इसी तरह इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना, इंदिरा महिला शक्ति जागरूकता शिक्षा कार्यक्रम के अलावा इंदिरा महिला एवं बाल विकास शोध संस्थान योजना का भी नाम बदल दिया गया है। जूली ने कहा कि ये सभी योजनाएं महिला सशक्तिकरण की प्रतीक हैं। इनके नाम में से महिला शब्द विलोपित करना भाजपा की महिला विरोधी मानसिकता

■ **नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इतिहास प्रसिद्ध महिलाओं के नाम से नयी योजनाएं शुरू करते, लेकिन भाजपा को महान् नेता इंदिरा गांधी के नाम से चुभन है**

को दर्शाता है। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पूरे विश्व में युगांतरकारी नेता के रूप में जानी जाती हैं। वे भारत की इकलौती महिला प्रधानमंत्री रही हैं और उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अपने प्राण न्यौछावर किये हैं। ऐसी महान् नेता का नाम विलोपित करके भाजपा सरकार ने अपनी पार्टी की नकारात्मक राजनीति को प्रदर्शित किया है।

बार कौंसिल सदस्यों का कार्यकाल बढ़ाने को चुनौती

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्यों का कार्यकाल बढाने और इस संबंध में बार कौंसिल ऑफ इंडिया की ओर से नियम 32 में किए गए संशोधन के खिलाफ दायर याचिका पर बीसीआई और बीसीआर से जवाब तलब किया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश श्याम बिहारी व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील समदडिया ने अदालत को बताया कि बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के 25 सदस्य के लिए 28 मार्च 2018 को चुनाव हुए और 17 जुलाई, 2018 को परिणाम घोषित किया गया। अधिवक्ता अधिनियम की धारा 8 के तहत बार कौंसिल सदस्यों का कार्यकाल 5 साल का था। इन सदस्यों का कार्यकाल 16 जुलाई 2023 को खत्म हो गया। वहीं बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के निवेदन पर बीसीआई ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोविड के आधार पर कार्यकाल छह माह के लिए बढा दिया। यह बढी हुई अवधि भी 16 जनवरी 2024 को खत्म हो गई है। इस दौरान ही बीसीआई ने 23 जून 2023 को अपने प्रैक्टिस वेरिफिकेशन रूल्स के नियम 32 में संशोधन कर प्रावधान किया कि यदि वकीलों का सत्यापन करने या मतदाता सूची बनाने में देरी होती है तो 18 माह में सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर अगले छह माह में नए चुना कराए जाएंगे और इस दौरान कौंसिल सदस्य पद पर बने रहेंगे। इस प्रावधान को चुनौती देते हुए कहा गया कि धारा 32 में किए गए संशोधन अधिवक्ता अधिनियम की धारा 8 और 8ए के विपरीत है। क्योंकि धारा 8 स्पष्ट करती है कि सदस्यों का अधिकतम

■ **हाईकोर्ट ने बीसीआई व बीसीआर से मांगा जवाब**

कार्यकाल पांच साल व इसके बाद 6 महीने से ज्यादा नहीं हो सकता। वहीं इस दौरान चुनाव नहीं होने पर धारा 8ए के तहत कमेटी गठन कर चुनाव कराने का प्रावधान किया गया है। दूसरी ओर नियमों में संशोधन कर इस अवधि को दो साल या उससे अधिक बढाने का प्रावधान किया गया है। याचिका में गुहार की गई है कि धारा 32 में किए गए संशोधन को अवैध घोषित कर रद्द किए जाए। वहीं कमेटी गठित कर कौंसिल के चुनाव कराए जाए और 16 जनवरी, 2024 के बाद कौंसिल की ओर से लिए गए निर्णयों को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने बीसीआई और बीसीआर से जवाब तलब किया है।

शेखावत की जयंती आज

जयपुर। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एंव राज्य के मुख्य रहे स्व. भैरोंसिंह शेखावत की 101वीं जयंती 23 अक्टूबर को मनाई जाएगी। भैरोंसिंह शेखावत स्मृति संस्थान के तत्वावधान में जयपुर के विद्याधर नगर स्थित भैरोंसिंह शेखावत स्मृति स्थल पर प्रति वर्ष की तरह पुष्पांजलि एंव प्रार्थना सभा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

संस्थान के सचिव अभिमन्यु सिंह राजवी ने बताया कि कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

याचिका के निर्णय के अधीन रहेगा मेडिकल ऑफिसर भर्ती का परीक्षा परिणाम

जयपुर। हाईकोर्ट ने मेडिकल ऑफिसर भर्ती-2024 परीक्षा में अभ्यर्थियों को बोनस अंक नहीं देने से जुडे मामले में राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब देने के लिए कहा है। वहीं भर्ती के परीक्षा परिणाम को याचिका के निर्णय के अधीन रखने का निर्देश दिया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस जीआर मीना की खंडपीठ ने यह निर्देश डॉ. नितेश डागर व अन्य की याचिका पर दिया।

मामले से जुडे अधिवक्ता नितेश ने बताया कि आरयूएचएस ने 9 सितंबर 2024 को भर्ती विज्ञापन जारी कर मेडिकल ऑफिसर के 1220 पदों के लिए आवेदन मांगे। वहीं इस भर्ती में राज्य सरकार व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्य अनुभव रखने वाले डॉक्टर्स को इसके लिए बोनस अंक का लाभ नहीं दिया जा रहा। जबकि राज्य सरकार की सभी अन्य मेडिकल प्रोफेशनल यानि आयुर्वेद डॉक्टर, होम्योपैथी डॉक्टर, यूनानी डॉक्टर, नर्स, लैब टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर एवं फार्मासिस्ट की भर्ती परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को उनके संविदा कार्य अनुभव के अधिकतम 30 बोनस अंक दिए जा रहे हैं।

गोबरधन योजना में कार्बन क्रेडिट की पहली किश्त जारी

जयपुर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गोबरधन योजना के अन्तर्गत आ रहे क्रांतिकारी बदलाव को रेखांकित करते हुए राजस्थान राज्य में डेयरी विकास कार्यक्रम की सराहना की है। उन्होंने भीलवाड़ा में लागू की जा रही गोबरधन योजना के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गोबर उठाने वाली महिलाएं अब कार्बन क्रेडिट जमा कर अतिरिक्त आय पैदा कर रही हैं और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दे रही हैं।

उन्होंने कहा कि देश में कार्बन क्रेडिट

■ **केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने की आर.सी.डी.एफ. की सराहना**

के मुद्रीकरण के लिये डेयरी क्षेत्र में प्रथम बार की गई इस प्रकार की पहल दुग्ध उत्पादकों के लिये अतिरिक्त आय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि गोबरधन योजना के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादको को चुल्हे के लिये गैस, खेत के लिये खाद और कार्बन क्रेडिट के रुप में अतिरिक्त आय मिल रही है।

अमित शाह मंगलवार को आणंद में एनडीडीबी के टी.के. पटेल सभागार में एनडीडीबी के हीरक जयन्ती वर्ष और श्री त्रिभुवन दास पटेल की जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे।

उन्होंने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज और भीलवाड़ा की दुग्ध उत्पादक लाभार्थी माया देवी कुमावत को कार्बन क्रेडिट का चैक भेंट किया। आरसीडीएफ

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आणंद में एनडीडीबी के टी.के. पटेल सभागार में राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज और भीलवाड़ा की दुग्ध उत्पादक लाभार्थी माया देवी कुमावत को कार्बन क्रेडिट का चैक भेंट किया।

की एमडी भारद्वाज ने राजस्थान राज्य के लाखों दुग्ध उत्पादकों की ओर से उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनकी अच्छी सेहत की कामना भी की। इस अवसर पर केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, केन्द्रीय पशुपालन राज्यमंत्री डॉ.एस.पी. सिंह बघेल, गुजरात के पशुपालन एवं गोपालन मंत्री राघव भाई पटेल, सहकारिता राज्यमंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी सचिव अलका उपाध्याय और एनडीडीबी के चैयरमेन डॉ. मीनेश शाह भी उपस्थित थे।

फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि एनडीडीबी के सहयोग से भीलवाड़ा दुग्ध में पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से छोटी क्षमता के बॉयोगेस संयंत्र लगवाये गये है। इन बॉयोगेस संयंत्रों के माध्यम से दुग्ध उत्पादकों की रसोई गैस की जरुरत के साथ-साथ खेतों के लिये उच्च गुणवत्ता का जैविक खाद भी उपलब्ध हो जाता है। अब इससे एक कदम और आगे बढ़कर बॉयोगेस प्लान्टों के माध्यम से मिथेन उत्सर्जन द्वारा कार्बन क्रेडिट्स अर्जित किये जा सकते हैं, जिसके अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। इसी कार्बन क्रेडिट के एवज में आज केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा भीलवाड़ा के दुग्ध उत्पादकों को पहली किश्त दी गई है। उन्होंने कहा कि राईजिंग राजस्थान के दौरान भी आरसीडीएफ द्वारा अपने सहयोगी एनडीडीबी और सुजुकी आर एण्ड डी सेंटर इण्डिया के बीच एक कम्प्रेस्ट बॉयोगेस संयंत्र स्थापित करने के लिये साझेदारी की जावेगी जो सतृत उर्जा को बढ़ायेगा। उन्होंने कहा कि राज्यभर में 10 हजार से अधिक फलैक्सी बॉयोगेस संयंत्र लगाकर दुग्ध उत्पादकों की अतिरिक्त आय सुनिश्चित की जावेगी।

भारद्वाज ने राजस्थान राज्य के सभी दुग्ध उत्पादकों को आश्वस्त किया है कि दुग्ध उत्पादकों की सामाजिक एवं आर्थिक समृद्धि के लिये आरसीडीएफ काम कर रहा है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

प्ररूप-5 (नियम 6 (2) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिका मण्डल जोबनेर जयपुर
सं. 1308 लोक सूचना दिनांक-22.10.2024
श्री हंसराज खटीक पुत्र श्री भैरूराम, निवासी ज्वाला नगर जोबनेर ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।
जिले सहित नगर का नाम-मालकरखानी-जोबनेर जिला-जयपुर, ग्राम का नाम-मालकरखानी तहसील जोबनेर जिला-जयपुर, खसरा नं.- 1975/1539, क्षेत्र-10227.52 वर्गमीटर को आवासीय
इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 22.10.2024 को जारी की गयी।
प्राधिकारी अधिकारी
(अधिशाषी अधिकारी) नगर पालिका जोबनेर

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण), उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा दोहरी पैकेट पद्धति) आमंत्रित करते हैं। निविदा सूचना संख्याः ELC-LUNI-SMR-BLDI24-25T06, कार्य का नाम स्थान सहितः Design, Supply, Erection, Testing and commissioning of Railway Electrification work of 2x25Kv High Rise OHE system in LUNI-SMR-BLDI section of Jodhpur Division, NWR in connection with doubling work, कार्य की अनुमानित लागतः रुपये 2515752372.40, जमा की जाने वाली बयाना राशिः रूपये 10000000.00, ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः 18.11.2024 को 15.00 बजे तक, वेबसाईट का विवरण, जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती हैं: www.ireps.gov.in, कार्यालय ई-मेल का पताः dyceecju@gmail.com. (No. ELC-LUNI-SMR-BLDI24-25T06, dated 18.10.2024) E-file No. 1226-PS/24
हमें /NWRRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व. कैलाश चंद मीना पुत्र बंशी लाल का निधन दिनांक 03.04.2024 को हो चुका है। जिनके नाम एक गाड़ी मारुति सुजुकी सेलेरियो रजि. नं. आर.जे.25सीबी2981 है। जिसे मैं अपने नाम करवाना चाहती हूँ। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर जिला परिवहन कार्यालय सवाई माधोपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।
यशोदा देवी पत्नी कैलाश चंद
ग्राम धमून खुर्द, जिला सवाई माधोपुर

आम-सूचना मेरे ऑफिस करीम नगर विस्तार खोह नागोरियान, जयपुर से मेरे व मेरे पत्नी के नाम के प्लाट नम्बर 1 व 2 करीम नगर विस्तार खोह नागोरियान, जयपुर के असल पट्टे, नक्शे व रसीदे तथा मेरे खाता संख्या 675505111027 आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के डी.डी नम्बर 3050, 3052, 3049, दिनांकित-14.05.2018, ई.ओ. नगर पालिका आबू रोड सिरोही, डी.डी. नम्बर 2840, 2847, 2842, 2844, 2838, 2849, 2845, 2839, 2846, 2843 व 2848, दिनांकित 24.04.2018, ई.ओ. नगर पालिका रतन नगर चुरू, डी.डी. नम्बर 5898, दिनांकित 03.06.2024, नगर पालिका बिदासर, डी.डी. नम्बर 5896, दिनांकित 03.06.2024, एमडीआरआईएससल, डी.डी. नम्बर 3075, दिनांकित 25.05.2018, नगर पालिका पाली, डी.डी. नम्बर 6043, दिनांकित 15.06.2020, नगर पालिका परबतसर, डी.डी. नम्बर 0769, 0776, 0781, 0770 दिनांकित 13.08.2021, नगर पालिका महवा, डी.डी. नम्बर 2345, दिनांकित 12.01.2023, नगर पालिका नगर, डी.डी. नम्बर 3676, दिनांकित 06.03.2023, नगर पालिका बसेडी, डी.डी. नम्बर 7122, दिनांकित 20.03.2023, नगर पालिका सीकर, डी.डी. नम्बर 8228, दिनांकित 31.12.2023, नगर पालिका बस्सी, डी.डी. नम्बर 7684, दिनांकित 27.03.2023, नगर पालिका मंगरोल, डी.डी. नम्बर 8270, दिनांकित 06.02.2024, नगर पालिका महीपुरवा व मेरे भतीजे की फर्म मै.ए. जी. एन्टरप्राईजेज के डी.डी. नम्बर 7566, दिनांकित 06.03.2024, नगर पालिका बसेडी, डी.डी. नम्बर 0750, 0749, 0751, 0747, 0741, 0753, 0743, 0748, 0752, दिनांकित 12.08.2021, नगर पालिका महवा, डी.डी. नम्बर 502029, दिनांकित 05.10.2023, नगर पालिका थानागाजी, डी.डी. नम्बर 1085, दिनांकित 12.01.2023, नगर पालिका सीकरी, डी.डी. नम्बर 3131, दिनांकित 20.03.2023, नगर पालिका सीकरी, डी.डी. नम्बर 9521, दिनांकित 26.09.2023, नगर पालिका तैर, डी.डी. नम्बर 1084, दिनांकित 12.01.2023, नगर पालिका नगर के गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करे।
सईद अहमद, मो.-9351604671

आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक : जविप्रा/जोन-9/2024/डी-8248 दिनांक: 22.10.2024
जयपुर विकास प्राधिकरण की 200 फीट सैक्टर सडक हेतु समर्पित भूमि के बदले विकसित भूमि के आवंटन के बदले जविप्रा की योजना टीलावाला के भूखण्ड संख्या ए-32 क्षेत्रफल 162.00 व.मी. एवं भूखण्ड संख्या ए-40 क्षेत्रफल 162.00 व.मी. की जविप्रा द्वारा लीजडीड श्री गोपाल, कन्हैया पुत्रान श्री छाजू के नाम से जारी की गयी है। तत्पश्चात उक्त प्रार्थीगण गोपाल, कन्हैया द्वारा भूखण्ड संख्या ए-32 एवं ए-40 का बेचान जरिये रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.01.2023 के द्वारा श्री सीताराम शर्मा पुत्र श्री गंगा